भा॰कृ॰अ॰प॰-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
I.C.A.R.- INDIAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE
कार्मिक2 - अनुभाग ,निदेशालय ,नई दिल्ली 110012 -
PERSONNEL-II SECTION, DIRECTORATE, NEW DELHI – 110012
Phone No. 25843588, 25843994 (Extn. 4218) Fax No. 25846420, email – pii_dir@iari.res.in

संख्याः 2-4/2007-का॰2 दिनांकः 1/1/2022

सेवा में,

अवर सचिव (प्रशासन), भा॰कृ॰अनु॰प॰ एवं भा॰कृ॰अनु॰प॰ के अधीनस्थ सभी संस्थानों / रा॰अनु॰के॰/ निदेशालय/ परियोजना निदेशालयों / राष्ट्रीय ब्यूरो के निदेशक / प्रभारी

विषयः भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में पदोन्नति/स्थायी आमेलन के आधार पर सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी की नियुक्ति हेतु

महोदय/महोदया,

इस संस्थान में पदोन्नति/स्थायी आमेलन के आधार पर सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी वर्ग के निम्नलिखित रिक्त पद भरे जाने का प्रस्ताव है, जो कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों / रा॰अनु॰के॰/ निदेशालय/ परियोजना निदेशालयों / राष्ट्रीय ब्यूरो में नियमित आधार पर कार्यरत कनिष्ठ लेखा अधिकारी/सहायक (भा॰कृ॰अ॰प॰ द्वारा आयोजित लेखा परीक्षा एवं लेखा **(Audit & Accounts)** परीक्षा उत्तीर्ण) से निम्नलिखित शर्तों के आधार पर भरे जाऐंगें ।

पद का नाम	**पदों की संख्या**	**लेवल**	**पात्रता**
सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी	01	लेवल-7 7th CPC	**(क) भा.कृ.अनु.प., मुख्यालय / भा.कृ.अनु.प. के संस्थानों तथा अन्य ईकाईयों मे कार्यरत कनिष्ठ लेखा अधिकारी (लेवल 6) जिनकी तीन वर्ष की नियमित सेवा हो - पदोन्नति/स्थायी आमेलन के आधार पर अथवा** **(ख) भा.कृ.अनु.प., मुख्यालय / भा.कृ.अनु.प. के संस्थानों तथा अन्य ईकाईयों मे कार्यरत सहायक जिनकी पाँच वर्ष की नियमित सेवा हो तथा भा.कृ.अ.प. द्वारा आयोजित लेखा परीक्षा एवं लेखा (Audit&Accounts)परीक्षा उत्तीर्ण की हो-पदोन्नति के आधार पर अथवा** **(ग) भा.कृ.अनु.प., मुख्यालय / भा.कृ.अनु.प. के संस्थानों तथा अन्य ईकाईयों मे कार्यरत सहायक, जिनकी तीन वर्ष की नियमित सेवा हो तथा भा.कृ.अ.प. द्वारा आयोजित लेखा परीक्षा एवं लेखा (Audit&Accounts)परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा कनिष्ठ लेखा अधिकारी जिनकी दो वर्ष की नियमित सेवा हो तथा राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान, फरीदाबाद, हरियाणा द्वारा आयोजित दो माह का प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षण के आधार पर निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण की हो - पदोन्नति के आधार पर ।**

यह अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त रिक्त पदों को आपके संस्थान में कार्यरत इच्छुक उम्मीदवारो के बीच परिचालित कर, पात्र उम्मीदवार, जो कि **दिनांक** 01/01/2022 को आवश्यक अर्हताओं को पूरा करते हों तथा जिन्हें चयनित होने की स्थिति में तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता हो, का आवेदन इस पत्र के साथ संलग्न किए गए निर्धारित प्रपत्र में, पिछले पाँच वर्ष **(2015-16 से 2019-20)** की गोपनीय रिपोर्ट की छायाप्रति के साथ इस कार्यालय को अन्तिम रुप से दिनांक 25/01/2022 तक अग्रेषित करने की कृपा करें । आवेदन के साथ इस आशय का एक प्रमाण पत्र देना भी अनिवार्य है कि उम्मीदवार के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक / सतर्कता का मामला विचाराधीन नहीं है । अपूर्ण, उचित माध्यम से प्राप्त न होने वाले, गोपनीय रिपोर्ट की प्रति तथा सतर्कता प्रमाण पत्र रहित एवं निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

भवदीय,

कामना टंडन
1/1/2022
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

वितरणः प्रभारी, ए॰के॰एम॰यू - कृपया उपरोक्त परिपत्र को संस्थान की वैबसाईट पर IARI News के अन्तर्गत रखवा दें ताकि इसे परिषद के सभी संस्थानों / ईकाईयों द्वारा देखा जा सकें ।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी के पद पर लेवल - 7 में प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन हेतु प्रपत्र

1.	उम्मीदवार का नाम	:	
2.	उम्मीदवार की वर्तमान तैनाती (भा॰कृ॰अ॰प॰ के संस्थान / ईकाई का नाम तथा पता)	:	
3.	जन्म तिथि तथा आयु	:	
4.	शैक्षणिक तथा अन्य योग्यताऐं	:	
5.	भा॰कृ॰अ॰प॰ द्वारा आयोजित आडिट एवं लेखा परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि (कार्यालय आदेश की प्रति संलग्न करें)	:	
6.	वर्तमान पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति की तिथि	:	
7.	वर्तमान पद सहित सेवाओं का सक्षिप्त विवरण	:	

धारण किए गए पद	लेवल	सेवा अवधि	तैनाती का स्थान	कार्य का विवरण

8.	स्थायीकरण की तिथि /स्थायी रुप से धारित पद का नाम	:	
9.	अनु॰जाति/अनु॰जनजाति / अनारक्षित	:	
10.	ईमेल का पता/अन्य कोई जानकारी विवरण	:	

तिथिः

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

कार्यालय अध्यक्ष द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र - यह सत्यापित किया जाता है कि उपरोक्त दिया गया विवरण सेवा पुस्तिका के अनुसार सही पाया गया है । पिछले पाँच वर्ष की गोपनीय रिपोर्ट की सत्यापित प्रति प्रतियाँ संलग्न है ।

कार्यालय अध्यक्ष के हस्ताक्षर मोहर सहित